# उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग
# हरिद्वार

UTTARAKHAND PUBLIC SERVICE COMMISSION

संख्या : 283/81/06/डी0आर0/(मा0शि0)/सेवा–1/2025–26 दिनांक :: 23 सितम्बर, 2026

## विज्ञप्ति

## उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग 'समूह–ग') सेवा (सामान्य शाखा एवं महिला शाखा) विषयवार मुख्य लिखित (वस्तुनिष्ठ प्रकार) परीक्षा–2025

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि उत्तराखण्ड विशेष अधीनस्थ शिक्षा (प्रवक्ता संवर्ग 'समूह–ग') सेवा (सामान्य शाखा एवं महिला शाखा) परीक्षा–2025 के अन्तर्गत प्रकाशित विज्ञापन संख्या: A-3/S-1/DR(L.I.C)/2025, दिनांक 30 दिसम्बर, 2025 द्वारा विज्ञापित पदों हेतु विषयवार मुख्य लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) का आयोजन **दिनांक 11 अक्टूबर, 2026 (प्रवक्ता विषय–अर्थशास्त्र), दिनांक 18 अक्टूबर, 2026 (प्रवक्ता विषय–समाजशास्त्र) एवं दिनांक 23 अक्टूबर, 2026 (प्रवक्ता विषय–संस्कृत)** को **दो सत्रों में प्रातः 09:00 बजे से मध्याह्न 12:00 बजे तक एवं अपराह्न 2.00 बजे से सायं 5.00 बजे** तक किया जाना है। प्रश्नगत परीक्षा हेतु औपबन्धिक रूप से अर्ह अभ्यर्थी अपना प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाईट **psc.uk.gov.in** अथवा **ukpsc.net.in** से निम्नानुसार डाउनलोड कर सकते हैं:–

| क्र0सं0 | विषय | परीक्षा की तिथि | प्रवेश–पत्र (Admit-Card) डाउनलोड किये जाने की प्रारम्भिक तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | अर्थशास्त्र | 11.10.2026 | 25.09.2026 |
| 2. | समाजशास्त्र | 18.10.2026 | 01.10.2026 |
| 3. | संस्कृत | 23.10.2026 | 08.10.2026 |

अभ्यर्थियों को डाक द्वारा पृथक से प्रवेश–पत्र (Admit-Card) प्रेषित नहीं किये जायेंगे। अभ्यर्थी ऑनलाइन प्रवेश पत्र में अंकित महत्वपूर्ण निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करें।

**2.** उक्त के अतिरिक्त यह भी सूचित किया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन पत्र में श्रुतलेखक का विकल्प प्रस्तुत करने वाले दिव्यांगजन अभ्यर्थियों हेतु श्रुतलेखक की अनुमन्यता के संबंध में विज्ञप्ति आयोग की वेबसाईट पर पृथक से प्रसारित की जा रही है, दिव्यांगजन अभ्यर्थी उक्त का अवलोकन अवश्य कर लें।

**Sd/-**
**(अशोक कुमार पाण्डेय)**
**सचिव।**